SIMTA SYDNEY INTERMODAL TERMINAL ALLIANCE

Hindi

दिसम्बर 2021




## Moorebank Logistics Park की ओर से शुभकामनाएँ

हमारे समुदाय में सभी के लिए शुभकामनाएँ जबकि हम 2021 के लिए हमारी अंतिम समाचार-पत्रिका को आपके साथ सांझा करते हैं और संक्षिप्त में इस वर्ष का विवरण करते हैं जो हमारे समुदाय और पूरे न्यू साउथ वेल्स में सभी के लिए चुनौतिपूर्ण रहा है।

निर्माण-कार्य का हमारा चौथा वर्ष राज्य-भर में कोविड लॉकडाउन तथा इससे जुड़े निर्माण-कार्य पर रोक तथा कार्यबल से जुड़ी सीमाओं के कारण प्रभावित हुआ था। परन्तु, फिर भी यह उत्पादक 12 महीने का समय साबित हुआ है जबकि हम सिटी को आकार देने वाली परियोजना को पूरा करने की ओर काम कर रहे हैं जो कि करीब 7000 नौकरियों का निर्माण कर रही है, M5 और अन्य सड़कों  पर भारी गाड़ियों के आने-जाने को 2700 की संख्या तक कम कर रही है, प्रत्येक वर्ष 1,10,000 टन ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन कम कर रही है और नए Western Parkland City में एक मुख्य केन्द्र के तौर पर Moorebank के भविष्य को और मज़बूत कर रही है।

हालाँकि इस वर्ष हमने बहुत कुछ हासिल किया (अंदरूनी भाग में देखें), परन्तु सबसे संतोषजनक परिणामों में से एक परिणाम हमारे समुदाय के साथ निरंतर सकारात्मक सहभागिता का होना और वर्ष में अब तक (नवम्बर के अंत तक) सामुदायिक शिकायतों की संख्या का कम होकर केवल 16 तक रह जाना है, एक ऐसी उपलब्धि जिसपर हमें बहुत गर्व है, विशेषकर यह ध्यान में रखते हुए कि परियोजना का पैमाना संपूर्ण सिडनी CBD के आकार के बराबर है। हम अपने कार्यबल को लगातार ज़ोर देकर समुदाय पर अपने प्रभाव को कम से कम करने और समुदाय को ध्यान में रखकर काम करने के लिए कहते हैं – विशेषकर रात के कार्यों के दौरान – इसलिए हमें खुशी है कि इसके परिणामस्वरूप समुदाय की ओर से कम चिंताएँ सामने आ रही हैं।

हम कामना करते हैं कि छुट्टियों की यह अवधि आपके लिए सुरक्षित हो और राष्ट्रीय तौर पर इस महत्वपूर्ण परियोजना को प्रदान करना जारी रखने के लिए हम 2022 में वापस आने के लिए तत्पर हैं।

## समुदाय के हमारे स्वयंसेवियों को धन्यवाद

हम Community Consultative Committee के स्वयंसेवी सदस्यों को परियोजना में उनके निरंतर योगदान के लिए हमारा शुक्रिया अदा करना चाहते हैं।

Fiona McNaught, Ian Pryde, Jeffrey Thornton, Michael Russell, Sharyn Cullis और John Anderson में से हर किसी ने 2019 से अपनी-अपनी भूमिकाएँ निभाई हैं, परियोजना की योजनाओं व गतिविधियों में फीडबैक प्रदान की है, व्यापक समुदाय की ओर से सवाल पूछे हैं, अपने संपर्कों के साथ मुख्य जानकारी सांझी की है और उनके मत प्रदान किए हैं।

CCC Chair Dr Colin Gellatly (Department of Planning, Industry and Environment द्वारा नियुक्त) और Liverpool City Council के प्रतिनिधि Luke Oste इन सामुदायिक प्रतिनिधियों के साथ जुड़ते हैं।

# 2021:
# वाह क्या साल रहा है


हालाँकि लॉकडाउन और प्रतिबंधों की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए 2021 निर्माण-कार्य परियोजना का संचालन करने के लिए एक परीक्षण-भरा साल था, पर पिछले 12 महीने में की गई प्रगति को लेकर हम उत्सुक हैं।

हमने गोदाम में Moorebank Precinct East में कई प्रकार के नए किराएदारों का स्वागत किया है, इस गोदाम का निर्माण-कार्य साल के शुरूआती महीनों में पूरा किया गया था, इसमें स्थानीय बाज़ार से Target के वापस चले जाने के बाद Catch का आना शामिल है। Moore-bank Avenue पर गाड़ी चलाने वालों को हाल ही के सप्ताहों में Catch के संकेत-चिन्ह दिखाई देने शुरू हुए होंगे।

इस वर्ष हमने Moorebank Avenue के लिए महत्वपूर्ण तौर पर नवीनीकृत मोड़ का निर्माण भी किया और इसे लागू भी किया और इसका प्रयोग उस समय किया जाएगा जब हमारे कांट्रेक्टर परिसर में सड़क के विशाल अपग्रेड कार्यों पर प्रगति करेंगे। अस्थायी सड़क की गुणवत्ता इसपर यात्रा करने वालों को आने वाले सुधारों की झलक देगी जबकि हम Anzac Road और East Hills रेलवे लाइन के बीच कई प्रकार के अपग्रेड कार्य प्रदान करना जारी रखते हैं।

हमारे आयात/निर्यात रेल टर्मिनल ने भी इस साल गति पकड़ी है, और हमारे सुविधा-केन्द्र में और अधिक संख्या में कंटेनर आ रहे हैं, जिससे M5 Motorway में ट्रकों का आना-जाना कम हुआ है और यह दक्षिण-पश्चिम सिडनी में हमारे किराएदारों तथा अन्य माल आयातकों, दोनों, को सेवा प्रदान करता है।



Woolworths के नए वितरण केन्द्रों का Moorebank Precinct West पर शुरूआत करना जारी है।




2021 Moorebank Logistics Park में नए किराएदारों के आने वाला एक व्यस्त साल रहा है।

# 2022 में क्या उम्मीद करें

रेल टर्मिनल के काम के साथ-साथ स्वचालित मशीनरी को तैयार करने के लिए Kalmar के कर्मी कड़ा परिश्रम कर रहे हैं जिससे कि अंतत: टर्मिनल का संचालन होगा। परीक्षण-कार्य के 2022 की शुरूआत में शुरू होने की उम्मीद है।

अगले साल भी Moorebank Precinct West में आगे और विकास-कार्य होगा, और Woolworths के नए वितरण केन्द्र आकार लेना जारी रखेंगे, अंदरूनी सड़कों का काम पूरा होने के समीप होगा तथा हमारे स्थल के नए प्रवेश तथा निकास स्थान इस बात की झलक देना शुरू करेंगे कि परियोजना के समाप्त होने पर क्षेत्र कैसे प्रकार्य करेगा।

अक्तूबर में इसकी नियोजन स्वीकृति के पश्चात, Moorebank Avenue के पुन:संरेखण की सुपुर्दगी को शुरू करने के लिए ज़रूरी काम शुरू होगा। नई चार-लेन वाली सड़क परिसर के पूर्वी घेरे के चारों ओर विस्तृत की जाएगी और Moorebank तथा Glenfield के बीच यात्रा करने वाले लोगों तथा साथ ही Moorebank Logistics Park से आने-जाने वाले लोगों के लिए महत्वपूर्ण तौर पर बेहतर परिणाम प्रदान करेगी।

2022 में काम का एक महत्वपूर्ण भाग बिजली के स्थानीय नेटवर्क को अपग्रेड करना होगा ताकि हमारे समुदाय में हर किसी के लिए गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति को सुनिश्चित किया जा सके। हम बिजली को अपग्रेड करने वाली कांट्रेक्टिंग टीमों के साथ काम करना जारी रखेंगे ताकि समुदाय में किसी प्रभाव को कम से कम किया जा सके।





पिछले 12 महीनों में हमारी टीम ने परियोजना पर अदभुत प्रगति की है और हम 2022 में इसे जारी रखने के लिए तत्पर हैं।

SIMTA SYDNEY INTERMODAL TERMINAL ALLIANCE




सितम्बर और अक्तूबर में हमारे स्थल पर Pfizer Covid-19 वैक्सीन की 5000 से अधिक ख़ुराकें दी गई थी।

# टीकाकरण केन्द्र 5000 लोगों के लिए सुलभ है

Moorebank Precinct East पर ऑन-साइट Covid-19 टीकाकरण केन्द्र ने अब सेवा प्रदान करनी समाप्त कर दी है, क्योंकि स्थानीय LGAs और सिडनी में बाकी जगह टीकाकरण दरें 90 प्रतिशत से अधिक हो चुकी हैं तथा टीकों के लिए मांग अत्यधिक तौर पर कम हो गई है।

शुरू में केन्द्र को दक्षिण-पश्चिमी सिडनी के फ्रंटलाइन कर्मचारियों को सेवा प्रदान करने के लिए खोला गया था परन्तु फिर अन्य लोगों को वैक्सीन प्रदान करने के लिए इसका विस्तार किया गया क्योंकि मुख्य जनसांख्यिकी से लेकर 12 साल या इससे अधिक की आयु वाली संपूर्ण जनसंख्या तक वैक्सीन की पहुँच आगे बढ़ी और फिर मध्य-अक्तूबर में समाप्त हो गई।

कम्पनी मेडिकल सर्विसिज़ के साथ संयोजन में संचालन करने वाला केन्द्र 2 सितम्बर से 13 अक्तूबर तक खुला था और कुल मिलाकर Pfizer Covid-19 वैक्सीन की 5164 ख़ुराकें दी गई थी – हर रोज़ 170 से अधिक।

इसने रिसेप्शन तथा निदेशक तथा सुरक्षा कर्मचारियों से लेकर टीकाकरण करने वाले चिकित्सीय पेशेवरों तक आठ लोगों को रोज़गार प्रदान किया।

## नए संपर्क विवरण

कृपया हमारी वेबसाइट देखें:

और अधिक जानकारी के लिए
**www.simta.com.au**

Level 15, 207 Kent Street
Sydney NSW 2000

विशिष्ट सवालों के लिए, कृपया:

**1800 986 465 पर फोन करें**

या लिखित पूछताछ या फीडबैक
**moorebank@tsamgt.com** पर भेजें